दैनिक भास्कर 31/08/2024

पेनल्टी सूट में जीएमएन कॉलेज टीम ने जीता फुटबॉल मैच

अम्बाला | राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज एवं जिला स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के तत्वावधान में वार हीरोज स्टेडियम में हुए फुटबॉल मैच में जीएमएन कॉलेज की टीम और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर की टीम ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी डायरेक्टर अरुण कांत शर्मा ने मैच का शुभारंभ करते हुए मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पेनल्टी सूट में जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने कड़े मुकाबले में जीत अपने नाम दर्ज की। मैच का समापन करते हुए डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल वितरित किए।